( पौष माह ) वर्ष-10, अंक 213, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुयये

प्रयागराज सोमवार 04 नवम्बर, 2024

TM

नगर संस्करण

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार


Adhunik Samachar

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

## संक्षिप्त समाचार

### भारत खुद को विश्व मित्र के रूप में स्थापित कर रहा', पुस्तक विमोचन में बोले विदेश मंत्री जयशंकर


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** श्रीराम चौलिया की पुस्तक फ्रेंड्सः इंडियाज क्लोजेस्ट स्ट्रैटेजिक पार्टनर के विमोचन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दोस्ती भी अनन्य नहीं होती, यह भारत के वैश्विक भलाई में योगदान और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ घनिष्ठ संबंधों का परिणाम है। एक पुस्तक विमोचन के दौरान विदेश मंत्री एस



जयशंकर ने कहा कि दोस्ती कभी अनन्य नहीं होती खासकर आज की बहुध्रुवीय दुनिया में। उन्होंने कहा कि भारत खुद को विश्व मित्र के रूप में स्थापित कर रहा है और हम और अधिक लोगों के साथ मित्रता करना चाहते हैं। इस दृष्टिकोण से भारत के प्रति सकारात्मकता बढ़ रही है। जयशंकर ने श्रीराम चौलिया की पुस्तक फ्रेंड्सः इंडियाज क्लोजेस्ट स्ट्रैटेजिक पार्टनर के विमोचन के दौरान कहा कि दोस्ती हमेशा सीधी और सरल नहीं होती। उन्होंने कहा कि ठएक अपूर्ण और प्रतिस्पर्धी वैश्विक व्यवस्था में, हमें मित्रों के बारे में विचार करने की जरूरत है। विदेश मंत्री ने कहा कि दोस्ती भी अनन्य नहीं होती और कई देशों के साथ भारत के संबंधों का उल्लेख किया। जहां उन्होंने कहा कि यह भारत के वैश्विक भलाई में योगदान और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ घनिष्ठ संबंधों का परिणाम है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कभी-कभी दोस्तों के दूसरे दोस्त होते हैं जो जरूरी नहीं कि हमारे हों और यह पुरानी और नई विश्व व्यवस्था के बीच का अंतर दिखा सकता है। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के संबंधों को उल्लेख करते हुए कहा कि ये देश इतिहास की झिझक को दूर करने का उदाहरण हैं। इसके साथ ही उन्होंने भारत के रूस और फ्रांस के साथ संबंधों को ठबहुध्रुवीयता के बयानठ के रूप में वर्णित किया। जयशंकर ने कहा कि दोस्ती तब बढ़ती है जब हित जुड़े होते हैं।

## गुजरात के कच्छ में कांपी धरती, 3.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए; कोई हताहत नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गुजरात में 26 जनवरी 2001 को 6.9 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र कच्छ के भचाउ के पास था और इससे पूरा राज्य प्रभावित हुआ था। गुजरात



के कच्छ जिले में रविवार तड़के 3.4 तीव्रता का भूकंप आया। गांधीनगर स्थित भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के मुताबिक, भूकंप से जिले में जान-माल के किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप के झटके तड़के तीन बजकर 58 मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र लखपत से 53 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व में था। इससे पहले 27 अक्तूबर को सौराष्ट्र क्षेत्र के अमरेली जिले में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया था। इगुजरात में भूकंप का खतरा बहुत अधिक रहता है। गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जीएसडीएमए) के मुताबिक, पिछले 200 साल में राज्य में नौ बार भीषण भूकंप आए हैं। इसमें 2001 में कच्छ में आया भूकंप पिछली दो शताब्दियों में भारत में आया तीसरा सबसे बड़ा तथा दूसरा सबसे विनाशकारी भूकंप था।गुजरात में 26 जनवरी 2001 को 6.9 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र कच्छ के भचाउ के पास था और इससे पूरा राज्य प्रभावित हुआ था। जीएसडीएमए के आंकड़ों के अनुसार, इस भूकंप से करीब 13,800 लोग मारे गए थे और 1.67 लाख लोग घायल हुए थे।

## बांग्लादेश में अब भी भय का माहौल, हसीना सरकार के तख्तापलट से भारत के साथ व्यापार में बड़ा नुकसान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चेंगड़ाबांधा सीमा चौकी से पहले हर दिन करीब छह से सात सौ ट्रक बांग्लादेश जाते थे लेकिन अब यह संख्या घट कर दो सौ के करीब रह गई है। भारत के ही नहीं बल्कि बांग्लादेश के नागरिक भी स्वीकारते हैं कि शेख



हसीना की सरकार बेहतर थी। बांग्लादेश लगातार विकास की ओर अग्रसर हो रहा था। सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर रह रहे थे। पड़ोसी देश बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के करीब दो महीने बीत गए हैं, लेकिन बांग्लादेश में आज भी भय का माहौल है। सबसे ज्यादा असर व्यापार पर पड़ रहा है। भारत के साथ व्यापार में बड़ी कमी आई है। चेंगड़ाबांधा सीमा चौकी से पहले हर दिन करीब छह से सात सौ ट्रक बांग्लादेश जाते थे लेकिन अब यह संख्या घट कर दो सौ के करीब रह गई है। भारत के ही नहीं बल्कि बांग्लादेश के नागरिक भी स्वीकारते हैं कि शेख हसीना की सरकार बेहतर थी। बांग्लादेश लगातार विकास की ओर अग्रसर हो रहा था। सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर रह रहे थे। चेंगड़ाबांधा चेक पोस्ट के आसपास रहने वाले भारत और बांग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग कहते हैं, भले ही मुहम्मद युनुस खान की अंतरिम सरकार बन गई हो लेकिन देश वर्षों पीछे चला गया। क्योंकि अल्पसंख्यकों में भय का माहौल है और देश में कट्टरपंथियों की पकड़ बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि इस पोस्ट की जिम्मेदारी बीएसएफ के पास है और बीएसएफ बहुत बारीकी और पुख्ता जांच के बाद ही ट्रकों को आने या जाने की अनुमति देता है।नॉर्थ बंगाल मोटर कर्मी संघ के अध्यक्ष मजीत इस्लाम ने बताया कि चेंगड़ाबाधा पोस्ट से वर्षों से व्यापार चल रहा है।

## नौकरानी को पहले गर्म लोहे और सिरगेट से जलाया, फिर हत्या कर शव को बाथरूम में छोड़कर दंपती हुआ फरार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पीड़िता की विधवा मां तंजावुर जिले में रहती है। पुलिस फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उन्होंने बताया



कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के कारणों का पता लगाया जाएगा। तमिलनाडु के चेन्नई में 15 वर्षीय घरेलू नौकरानी को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक दंपती को गिरफ्तार किया है। मामले के सिलसिले में चार अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। जांचकर्ताओं के अनुसार, अमिनजिकराई इलाके में मेहता नगर के एक फ्लैट में दम तोड़ने से पहले नाबालिग लड़की को प्रताड़ित किया गया। उसे गर्म लोहे और सिगरेट से भी जलाया गया था। आरोपी दंपती की पहचान मोहम्मद निशाद और नासिया के तौर पर की गई है। उन्होंने लड़की का शव अपने घर के बाथरूम में छोड़कर दोनों फरार हो गए। पीड़िता की विधवा मां तंजावुर जिले में रहती है। पुलिस फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के कारणों का पता लगाया जाएगा।

## 8 से 14 नवंबर तक 11 रैलियां करेंगे पीएम मोदी,महाराष्ट्र के चुनावी रण में ये नेता भी दिखाएंगे जौहर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**महाराष्ट्र।** में 20 नवंबर को होने वाली मतदान के लिए पीएम मोदी 8 से 14 नवंबर तक राज्य के अलग-अलग शहरों में रैलियां कर भाजपा की राह आसन करने वाले है। पीएम



मोदी यहां कुल 11 रैलियों को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा अपने चरम पर है। वहीं दूसरी ओर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस चुनावी अभियान को आगे बढ़ाते हुए भाजपा और महायुति की राह आसान बनाने के लिए कई सारी रैलियां करने वाले है। भाजपा नेताओं के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पीएम मोदी 8 से 14 नवंबर तक महाराष्ट्र में कुल 11 रैलियों को संबोधित करने वाले हैं। पीएम मोदी के अलावा ने महाराष्ट्र का किला फतेह करने के लिए भाजपा के कई दिग्गज नेता चुनावी रण में अपना जौहर दिखाने वाले हैं। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का नाम शामिल है। बता दें कि महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना होनी है। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने पीएम मोदी के महाराष्ट्र दौरे के बारे में बताया कि पीएम मोदी 8 नवंबर को धुले और नासिक में, 9 नवंबर को अकोला और नांदेड़ में, 12 नवंबर को चंद्रपुर, चिमूर, सोलापुर और पुणे में, और 14 नवंबर को संभाजीनगर, नवी मुंबई और मुंबई में रैलियों को संबोधित करेंगे।

## जैव विविधता की सुरक्षा के लिए बनी 90% राष्ट्रीय नीतियां, पेशेवरों का व्यवहार बताने में हो रहीं विफल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अध्ययन में 10 राष्ट्रीय जैव विविधता रणनीतियों और कार्य योजनाओं (एनबीएसएपीएस) से



1306 नीति क्रियाओं का विश्लेषण किया गया। अध्ययन ने यह जांचा कि जैव विविधता सुरक्षा के लिए नीतियां किसे लक्षित करती हैं, कौन से व्यवहार की अपेक्षा की जाती है, कौन जिम्मेदार है और कौन से तरीके इस्तेमाल किए जाते हैं। जैव विविधता की सुरक्षा के लिए बनाई गई लगभग 90 फीसदी राष्ट्रीय नीतियां यह साफ तौर से नहीं बतातीं कि पर्यावरण व जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए किसानों, उपभोक्ताओं, मछुआरों व इससे संबंधित अन्य पेशेवरों के व्यवहार में क्या बदलाव किए जाने चाहिए। शोधकर्ताओं का मानना है, यही वजह हो सकती है कि देश अपने संरक्षण लक्ष्यों को हासिल नहीं कर पा रहे हैं। यह खुलासा पर्यावरण विज्ञान और नीति पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में हुआ है। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ सरे, यूके के शोधकर्ताओं सहित टीम ने किया है। इस अध्ययन में 10 राष्ट्रीय जैव विविधता रणनीतियों और कार्य योजनाओं (एनबीएसएपीएस) से 1306 नीति क्रियाओं का विश्लेषण किया गया। अध्ययन ने यह जांचा कि जैव विविधता सुरक्षा के लिए नीतियां किसे लक्षित करती हैं, कौन से व्यवहार की अपेक्षा की जाती है, कौन जिम्मेदार है और कौन से तरीके इस्तेमाल किए जाते हैं। शोधकर्ताओं की टीम ने अध्ययन में पाया कि केवल 11 फीसदी नीतियों में लोगों के व्यवहार में बदलाव की अहमियत का जिक्र था जिससे जैव विविधता संरक्षण में मदद मिल सके। यूनिवर्सिटी ऑफ सरे की मेलिसा मार्सेल और अध्ययन की सह-लेखक के मुताबिक, हम खान-पान, आवास समेत अपनी जरूरतों से जुड़े संसाधनों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन इससे जैव विविधता को होने वाले नुकसान के बारे में नहीं सोचते। शोधकर्ताओं ने बताया कि जैव विविधता नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह जरूरी है कि यह साफ और खुले तौर पर बताया जाए कि कौन से व्यवहार में बदलाव की जरूरत है, कौन से समूह इसके लिए जिम्मेदार हैं। मार्सेल के मुताबिक, नीतियों को बेहतर बनाने के लिए व्यवहार विज्ञान के सिद्धांतों का इस्तेमाल करना अहम हैं। इसमें यह साफ बताना होगा कि किन व्यवहारों को बदलना है और किस समूह को लक्षित करना है। कई तरीकों और उपायों जैसे वातावरण में बदलाव करना, नियमों या दबाव का इस्तेमाल करने सहित और पेश करने होंगे। नीतियों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए अधिक लोगों या संगठनों को शामिल करना होगा।

## वायु प्रदूषण से दिल हो रहा बीमार, समय से पहले 45 लाख मौतें; प्रदूषक प्रभावित कर रहे जैविक घड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शोधकर्ताओं का कहना है कि ये प्रदूषक मनुष्य के जैविक घड़ी को प्रभावित करते हैं और खून की नसों की परत को बदलते हैं जिससे हृदय रोग और गंभीर हो जाता है। प्रदूषण के कारण हर साल



90 लाख अकाल मौतें होती हैं, इनमें से आधी हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होती हैं। वायु प्रदूषण की वजह से हृदय संबंधी बीमारियों में भारी वृद्धि हुई है। हवा, मिट्टी और पानी में मिले केमिकल अरबों लोगों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहे हैं। प्रदूषकों में भारी धातुएं और माइक्रोप्लास्टिक सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव और एंडोथेलियल डिसफंक्शन, खून की नसों और हृदय की आंतरिक दीवार के ऊतकों के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण दिल की बीमारियों से 45 लाख लोगों की समय से पहले मौत हो रही है। नेचर रिव्यू कार्डियोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा अक्सर कम करके आंके जाने वाले इन खतरों का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ये प्रदूषक मनुष्य के जैविक घड़ी को प्रभावित करते हैं और खून की नसों की परत को बदलते हैं जिससे हृदय रोग और गंभीर हो जाता है। प्रदूषण के कारण हर साल 90 लाख अकाल मौतें होती हैं, इनमें से आधी हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होती हैं। दुनिया भर में होने वाली मौतों का यह 16 फीसदी है। सहारा की धूल सहित वायुमंडल में जारी कण भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, जो हृदय संबंधी बीमारियों से संबंधित 7,70,000 वार्षिक मौतों का कारण बनते हैं। जबकि जल प्रदूषण दुनिया भर की आबादी के 25 फीसदी पर असर डाला है। इसके अलावा मिट्टी के क्षरण की वजह से दुनिया की 40 फीसदी आबादी के स्वास्थ्य को खतरा है।शोधकर्ताओं ने 2015 से 2020 के बीच 318 चीनी शहरों में 2,239 अस्पतालों में दिल के दौरे और अस्थिर एनजाइना के लिए इलाज किए गए लगभग 13 लाख लोगों के चिकित्सीय आंकड़ों का विश्लेषण किया। सूक्ष्म कण पदार्थ, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड के किसी भी स्तर के कम अवधि के खतरे के लिए सभी प्रकार के तीव्र कोरोनरी सिंड्रोम की शुरुआत से जुड़े पाए गए। जैसे-जैसे प्रदूषकों का स्तर बढ़ता गया वैसे वैसे दिल के दौरे का खतरा भी बढ़ता गया। एक अन्य अध्ययन के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन के वायु गुणवत्ता दिशा-निर्देशों के अनुरूप नीचे के स्तर पर भी वायु प्रदूषकों के संपर्क में आने के एक घंटे के भीतर दिल का दौरा पड़ सकता है। इसका खतरा ठंडे मौसम के दौरान वृद्ध लोगों में सबसे अधिक देखा। चार सामान्य वायु प्रदूषकों के किसी भी स्तर के संपर्क में आने से तीव्र कोरोनरी सिंड्रोम (एसीएस) की शुरुआत जल्दी होती है। एसीएस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हृदय की मांसपेशियों में रक्त की आपूर्ति अवरुद्ध हो जाती है। जैसे कि दिल का दौरा या अस्थिर एनजाइना, रक्त के थक्कों के कारण सीने में दर्द जो अस्थायी रूप से धमनी को अवरुद्ध करता है। सबसे अधिक खतरा प्रदूषण के सम्पर्क में आने के पहले घंटे के भीतर हुआ और जो आगे चलकर धीरे-धीरे कम हो गया। शोधकर्ता हृदय रोग की रोकथाम में इन पर्यावरणीय कारणों पर विचार करने की आवश्यकता पर जोर देते हैं। बेहतर वायु गुणवत्ता प्रबंधन,कीटनाशकों के उपयोग को कम करना और पानी को छानने से इन खतरों को कम किया जा सकता है।

## केंद्रीय मंत्री पुरी का कांग्रेस पर निशाना, बोले- राष्ट्रीय से राज्यों में जूनियर पार्टनर बनी पार्टी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तेल और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि कांग्रेस प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी से घटकर राज्यों में जूनियर पार्टनर बनकर रह गई है। इसके पीछे का कारण पार्टी की खराब नीतियां हैं, जिससे उसके नेता भी निराश हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी से घटकर राज्यों में महज जूनियर पार्टनर बनकर रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके पीछे का कारण कांग्रेस की खराब नीतियां हैं। पार्टी की इन खराब नीतियों के चलते उसके नेता निराश हो रहे हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और उसके सहयोगी दलों के जीतने का दावा किया। तेल और प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि हरियाणा में जलेबी फैक्ट्री के ढहने के बाद, अब हम महाराष्ट्र और झारखंड में दीवार



पर लिखी इबारत देख रहे हैं, इसलिए पीडीए के बारे में या जो कुछ भी वह बात कर रहे थे, उसके बारे में ये अजीब दावे हैं... कांग्रेस एक प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी बनने से कम हो गई है। मुझे लगता है कि पार्टी सभी राज्यों में जूनियर पार्टनर बन रही है, यह उनकी गलत सोच वाली नीतियों के कारण है। हम झारखंड और महाराष्ट्र में अच्छी जीत हासिल करेंगे, यही कारण है कि वे अधिक निराश हो रहे हैं।'केंद्रीय मंत्री पुरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें यह बात समझनी चाहिए कि उनकी पार्टी की नीतियां गलत हैं और इससे वे निराश हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने हमेशा अपने चुनावी वादे पूरे किए हैं, जबकि कांग्रेस ने बिना सोचे-समझे वादे किए हैं जिन्हें पूरा करना मुश्किल है। पुरी ने कहा, 'वह गहरी हताशा दिखा रहे हैं, और वह हताशा समझ में भी आती है। यह क्यों समझ में आता है? जब प्रियंका अपना नामांकन दाखिल करने गईं, तो उन्हें कमरे के अंदर बैठने की भी अनुमति नहीं थी। फिर जब वह कर्नाटक जाते हैं, तो उन्हें गंदगी दिखाई देती है। वहीं, कैमरा ऑन करके वह मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से कह रहे हैं कि अगर आप वादे करते हैं और कहते हैं कि आप किसी योजना की समीक्षा कर रहे हैं, इसका मतलब है कि आप वादों को लागू नहीं कर पाएंगे। विश्वसनीयता की कमी है और आप मुसीबत में पड़ जाएंगे।' इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बात को अच्छी तरह से समझ रही है कि अवास्तविक वादे करना आसान है, लेकिन उन्हें ठीक से लागू करना कठिन या असंभव है। अभियान दर अभियान, वे लोगों से ऐसे वादे करते हैं, जिनके बारे में वह जानते हैं कि कभी पूरा नहीं कर पाएंगे। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस शासित राज्यों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में विकासात्मक प्रक्षेपवक्र और राजकोषीय स्वास्थ्य बद से बदतर होता जा रहा है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के अधूरे वादे गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को गुमराह कर रहे हैं। मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने लोगों से 'फर्जी वादों की कांग्रेस प्रायोजित संस्कृति' के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया।

डाक पंजीयन नं. AD -326/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com –E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

# गोवर्धन पूजा पर गौ पूजा कर नपा अध्यक्ष ने दिया संदेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** गोवर्धन पूजा पर्व पर रावटसगंज नगर पालिका क्षेत्र के गौशाला परिसर में शनिवार को नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा गौ सेवा कर पूजन अर्चन के माध्यम से आम जनमानस को दिया संदेश। वही नापाक अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि गोवर्धन पूजा के दिन को पूजा कर गौ माता की सेवा धर्म में उच्च मानी जाती है एक संदेश देने का कार्य मेरे द्वारा किया गया है वहीं लोगों को भी इसमें जोड़ने और प्रेरित करने के लिए बताया गया कहा गया कि बढ़-चढ़कर नगर वासी गौ सेवा करें और गौ माता के लिए सामग्री एकत्रित कर दान करें जिससे की गौशाला में गव पालन में भोजन सामग्री के साथ पोष्टितक आहार उप्लब्भता हो पाए। अध्यक्ष ने बताया कि गौ माता की सेवा करते हुए पूजा पाठ कर विधि विधान से वहां मौजूद सभासद गण व हम जनमानस का आभार व्यक्त किया गया इस मौके पर जेई मनीष कुमार, मनोज चौबे,धर्मराज जैन, अनवर अली,अजीत सिंह, सजीत,अंत सोनी,विनोद कुमार, शनि कुमार, दिनेश कुमार,प्रशिद्ध नाथ शुक्ला,रामविलास, आकाश आदि लोग मौजूद रहे।



# काशी में आठ किलोमीटर की शोभायात्रा, महाकाली, महादेव संग निकले भूत-पिशाच; निभाई 5244 वर्ष पुरानी परंपरा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**काशी।** यादव समाज की तरफ से आयोजित गोवर्धन पूजा शोभायात्रा में विहंगम दृश्य देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। भगवान शिव और माता पार्वती के आकर्षक स्वरूप का दर्शन कर भक्त हर-हर महादेव का उद्घोष कर रहे थे। आइए चित्रों में देखें शोभायात्रा का आकर्षक दृश्य.आठ किलोमीटर की गोवर्धन पूजा शोभायात्रा। महादेव और महाकाली के तांडव के साथ ही भूत-पिशाचों की टोली। कहीं भालू, कहीं वानर तो कहीं शेरों का स्वरूप धारण किए कलाकार। किसी लाग विमान पर राधा-कृष्ण का रास तो कहीं गोपियों की टोली हर किसी का मन मोह रही थीं। यदुवंशियों ने गोवर्धन पूजा शोभायात्रा की 5244 वर्ष पुरानी परंपरा निभाई यादव समाज ने लहुराबीर से नमो घाट तक शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में पूर्वांचल के विभिन्न अखाड़ों के पहलवान, लंका, कतुआपुरा के मनरी कलाकार, डमरूवादक, हाथी, घोड़ा, डांडिया नृत्य, भगवान स्वरूप नृत्य, आग वाली जोड़ी, फर्री कलईया आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि यादव समाज को शिक्षा में बहुत मेहनत करने की जरूरत है। यादव समाज की जहां भी उन्नति हुई या हो रही है वह शिक्षा के कारण हो रही है। विशिष्ट अतिथि अशोक यादव एडवोकेट ने कहा कि समाज को एकजुट होकर समाज के कुरीतियों को दूर करना चाहिए। यादव समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि यादव समाज की उन्नति उनके स्वयं के कठिन परिश्रम की बदौलत है यह किसी की कृपा से नहीं है।




# महिलाओं को पीटा, बच्चों को बनाया बंधक, बेखौफ होकर किया लूटपाट; ऐसे पहुंची पुलिस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** शाहगढ़ गांव में कच्छा-बनियान गिरोह के लूटपाट की सूचना मिलते ही सिधारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजन अस्पताल में भर्ती करवाया।जानकारी के अनुसार, सिधारी के शाहगढ़ गांव निवासी प्रभावित (65) पत्नी स्व. खुरचून गोंड, सुधा देवी (32) पत्नी उमेश को उठा ले गए। इसके पहले परिजनों ने मोबाइल जूते के अंदर छिपा कर रख दिया था। घटना को अंजाम देने के बाद पीड़ित परिजनों ने जूते में छिपा कर रखे मोबाइल



घायलावस्था में थे, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई। आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ गांव में बीती रात घर के पिछले हिस्से में चैनल गेट का ताला काटकर कच्छा-बनियान गिरोह घर के अंदर दाखिल हुए। घर के सदस्यों को मार-पीट कर पहले घायल किया। इसके बाद घर में जमकर लूटपाट की। नकदी समेत आभूषणों उठा ले ग यही नहीं, मासूम दो बच्चों को घर के अंदर बंधक बनाकर रखें रहे। घटना के बाद सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को जिला सदर गोंड, इंद्रेश (25) पुत्र महेश व दो मासूम बच्चों के साथ घर पर रहते हैं। जबकि बेटा उमेश विदेश में रहता है। घर पर कोई पुरुष न होने के कारण नाती इंद्रेश यहां रहकर पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की देखभाल करता है। बीती रात कच्छा बनियान गिरोह के लोग घर के पिछले हिस्से में चैनल का ताला काटकर घर में दाखिल हुए। आहट पाकर जगे लोगों ने जब इनका विरोध किया तो सरिया और डंडे से मारकर तीनों सदस्यों को घायल कर दिए। मासूम सृष्टि (9) और आयुष (6) को बंधक बना लिया। इसके बाद घर के अंदर रखे नकदी और जेवरात को निकाला और 112 पर घटना की सूचना दी।सूचना पाकर रात में ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां उनका उपचार चल रहा है। रविवार की सुबह घर से तीन सौ मीटर दूरी पर चोरी का टूटा बॉक्स, अटैची और बिखरे हुए कपड़े आदि मिले। जानकारी होने पर सुबह में सिधारी थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार वर्मा, सीओ सिटी गौरव शर्मा, फोरेंसिक टीम, एसोओजी टीम भी घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण की। लेकिन किसी निष्कर्ष पर अभी तक नहीं पहुंची।

# काशी में शुरू हुआ आध्यात्मिक समागम, महारुद्र और शतचंडी यज्ञ के मंत्रों से गूंजेगा शिवाला घाट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** काशी के शिवाला घाट पर आयोजित तीन दिवसीय आयोजन में रविवार से भक्तों का जमावड़ा शुरू हो गया। इसमें सबसे ज्यादा दक्षिण भारत से आए लोग शामिल है। राष्ट्र की सुख-समृद्धि और वैभव के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।दक्षिण भारत की सुप्रसिद्ध पीठ विशाखा शारदा पीठम द्वारा शिवाला स्थित चेत सिंह किला परिसर में आयोजित तीन दिवसीय अध्यात्मिक समागम सनातन कुंज के तहत भव्य महारूद्र एवं शतचंडी याग वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रविवार को शुभारम्भ हुआ। विशाखा श्री शारदा पीठम के उत्तराधिकारी स्वामी श्री स्वात्मानन्देन्द्र सरस्वती महाराज ने बताया कि राष्ट्र के सुख, समृद्धि, शांति की कामना एवं लोककल्याण के लिए विशाखा श्री शारदा पीठम के पीठाधिपति महास्वामी श्रीश्रीश्री स्वरूपानन्देन्द्र सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से इस भव्य अध्यात्मिक समागम का आयोजन किया गया है।



# खिलाड़ियों के साथ भेदभाव का आरोप, जताई नाराजगी, धरना-प्रदर्शन; नए एसोसिएशन की मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** नाराज खिलाड़ियों ने कहा कि यूपी के चयनकर्ता पश्चिमी यूपी टीम में प्राथमिकता देते हैं, जिसका कारण यह है कि प्रदेश के कुछ जिला एसोसिएशन के पदाधिकारी अपने प्रभाव का उपयोग कर अपने जिले के खिलाड़ी को टीम में शामिल करते हैं। यूपीसीए के चयनकर्ताओं को भी इन्हीं के दबाव में चयन समिति में नियुक्त किया गया है, जो एक अनैतिक कार्य है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में टीम चयन में पूर्वांचल के जिलों के क्रिकेट खिलाड़ी के साथ हो रहे अन्याय को लेकर पूर्वांचल और मध्य उत्तर प्रदेश के जिलों में विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। इसको लेकर रविवार को क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन मऊ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शिवबचन यादव क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव नासिरुद्दीन के नेतृत्व में मुहम्मदाबाद गोहना के नॉर्मल मैदान में नाराज क्रिकेट खिलाड़ियों ने बीसीसीआई का पुतला जलाया। अध्यक्ष शिवबचन यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिले आते हैं, लेकिन यूपीसीए ने केवल 41 जिलों को मान्यता दी है। जबकि 34 जिलों को मान्यता नहीं मिली है। जिससे बीसीसीआई की नजरों में धोखा किया जा रहा है।पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ी की सबसे बड़ी मांग है कि यूपी क्रिकेट टीम में 25 प्रतिशत कोटा पूर्वांचल के खिलाड़ियों के लिए सुनिश्चित किया जाए या पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ी के लिए एक नई क्रिकेट एसोसिएशन, क्रिकेट एसोसिएशन आफ पूर्वांचल को मान्यता दी जाए। अन्यथा पूर्वांचल के जिलों के क्रिकेटर अपनी मांग पूरी होने तक धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे। बताया कि पूर्वांचल के जिलों के क्रिकेट खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश रणजी ट्रॉफी अंडर-16, 19, 23 पुरुष और महिला टीम में शामिल नहीं किया जाता है।



# श्रद्धालुओं से भरी बस सहित चार वाहन गड्ढे में पलटे, एक की मौत-14 गंभीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** बुधवार को गोंडा जिले के खोड़ारे, सिद्धार्थनगर सहित जिले के सोनहा व गौर क्षेत्र के श्रद्धालु आंबेडकरनगर के किछौछा शरीफ दरगाह पर गए थे। सभी लोग शनिवार को एक बस, ऑटो में सवार होकर लौट रहे थे। इन दोनों वाहनों के साथ एक बोलेरो भी साथ में आ रही थी। टांडा पुल पार करके कलवारी थाने के माझा खुर्द गांव के मोड़ पर सामने से एक पिकअप पहुंच गई। पिकअप को बचाने में सभी वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरते चले गए। आंबेडकरनगर के किछौछा शरीफ दरगाह से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस सहित चार वाहन कलवारी थानाक्षेत्र के माझा खुर्द गांव के मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में गिरकर पलट गई। इन वाहनों में सवार करीब 70 लोग चोटिल हो गए। उनमें सोनहा थानाक्षेत्र के करमहिया निवासी 70 वर्षीय वृद्ध का दोनों पैर कट गया, जिसकी सीएचसी पर पहुंचते ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल 14 श्रद्धालुओं को सीएचसी ले जाया गया, जिनमें से 10 घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
कौशलं बलम्
NAINI ALLAHABAD
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है।
रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity


# सट्टी में ठेले पर बेचते हैं सब्जी, जूडो के 17 मुकाबलों में 28 मेडल जीते

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** खेल की काफी खबरें रहीं। जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया। आइए पढ़ते हैं अन्य खबरें...चंदुआ सट्टी में सब्जी का ठेला लगाकर जीवनयापन करने वाले मिथलेश यादव ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। मिथलेश 2019 से अब तक 17 मुकाबले खेल चुके हैं। इसमें आठ स्वर्ण, 13 रजत और 7 कांस्य पदक जीता है। जूडो कोच लाल कुमार ने बताया कि भट्टी गांव के मिथलेश 2019 से लगातार पदक जीत रहे हैं। किसान परिवार से होने के चलते वह खेतों में भी काम करते हैं। साथ ही सट्टी में सुबह चार से सात बजे तक ठेला लगाते हैं। इसके बाद वह जूडो का अभ्यास करते हैं। लखनऊ के हजरतगंज के जूडो एकेडमी में प्रादेशिक प्रतियोगिता में वाराणसी के 17 खिलाड़ियों में से आठ ने पदक जीता। तीन खिलाड़ियों ने स्वर्ण, तीन ने रजत और दो ने कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में मिथलेश यादव, खुशबू पटेल और सन्नी यादव ने स्वर्ण, आकाश यादव, कमलेश और अभिषेक ने रजत पदक जबकि अतुल यादव और ओम प्रकाश ने कांस्य पदक जीता।मुनारी खेल मैदान पर स्व. संत राम यादव की स्मृति में इनामी प्रतियोगिता में छह दंगल बराबरी पर छूटा। 10 हजारी का इनामी दंगल बजरंग नगर अखाड़ा के अवनीश यादव और भुजाड़ी अखाड़े के पहलवान आकाश यादव के बीच बराबरी पर छूटा। आठ हजार रुपये का दंगल मुर्दहां के अमन और सेवापुरी के शुभम, महिला वर्ग में बलिया की सुरभि और चिलबिलवा की बसंती के बीच बराबरी पर छूटा। इस मुकाबले में दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। इनामी प्रतियोगिता में 12 पहलवानों ने दांव आजमाए। उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर जिला जज मनोज तिवारी ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। जिले में पहली बार प्रादेशिक रग्बी फुटबॉल की सब जूनियर वर्ग प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के लिए यूपी रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के दल ने शनिवार को परमानंदपुर खेल मैदान का निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश रग्बी संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार पाल ने बताया कि प्रतियोगिता 25 से 26 नवंबर तक बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, परमानंदपुर में खेली जाएगी। इसमें 15 से अधिक बालक और बालिका टीमें हिस्सा लेंगी। प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश की टीम बनेगी, चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेंगे। लखनऊ से आई टीम ने मैदान का एक घंटा तक निरीक्षण किया। उसके बाद वाराणसी रग्बी फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह से विचार विमर्श कर तिथि पर मुहर लगाई। आयोजन समिति के मैच ऑफिशियल का नाम फाइनल किया। हैदराबाद के तेलंगाना में 14वीं सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता खेली जाएगी। इसमें यूपी की सब जूनियर टीम अपनी प्रतिभा दिखाएगी। काशी सांसद खेल में 40 प्लस के खिलाड़ी भी प्रतिभा दिखाएंगे। सलेक्शन ट्रायल से पहले वाराणसी के खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरू कर दिया है। महिला टीम की खिलाड़ियों ने अभ्यास मैच खेला। टीम में जगह बनाने के लिए 30 बालिकाएं रोज छह घंटे अभ्यास कर रही हैं। जूनियर महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने वाली यूपी टीम का सलेक्शन ट्रायल चार नवंबर को सुबह आठ बजे लखनऊ के मोहम्मद शाहिद हॉकी स्टेडियम, गोमती नगर में होगा। हैदराबाद के तेलंगाना में 14वीं सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता खेली जाएगी। इसमें यूपी की सब जूनियर टीम अपनी प्रतिभा दिखाएगी। सलेक्शन ट्रायल से पहले वाराणसी के खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरू कर दिया है। शनिवार को महिला टीम की खिलाड़ियों ने अभ्यास मैच खेला। टीम में जगह बनाने के लिए बालिकाएं रोज छह घंटे अभ्यास कर रही हैं। जूनियर महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने वाली यूपी टीम का सलेक्शन ट्रायल चार नवंबर को सुबह आठ बजे लखनऊ के मोहम्मद शाहिद हॉकी स्टेडियम, गोमती नगर में होगा। सुबह आठ बजे से जनवरी 2008 में जन्मे खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे।



# महंत आवास पर पुलिस का पहरा, बाहर नहीं निकली चल प्रतिमा, परंपरा टूटी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** अन्नकूट महोत्सव पर महंत आवास के बाहर पुलिस का पहरा था। इसे देखकर श्रद्धालु असहज दिखे। ऐसा पहली बार हुआ है जब चल प्रतिमा आवास से बाहर नहीं निकाली गई। विश्वनाथ मंदिर और महंत आवास से जुड़ी यह परंपरा आज टूट गई।श्रावण पूर्णिमा के बाद अन्नकूट महोत्सव पर भी महंत आवास से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए निकलने वाली चल प्रतिमा बाहर नहीं निकली। इससे विश्वनाथ मंदिर और महंत आवास से जुड़ी परंपरा टूट गई। सुबह से ही टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास के बाहर पुलिस तैनात कर दी गई थी। महंत आवास पर ही चल प्रतिमा का पूजन करके परंपरा निभाई गई। पुलिस को देखकर महंत आवास पर दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालु असहज नजर आए। शिव पार्वती एवं प्रथमेश गणेश का पारंपरिक रूप से श्रृंगार एवं पूजन किया गया। पुलिस ने बाबा के इस स्वरूप का दर्शन करने आने वाले भक्तों को भी महंत आवास तक नहीं जाने दिया। भक्तों को यह कहकर लौटा दिया गया कि यहां पर कोई आयोजन नहीं हो रहा है। महंत परिवार ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। पंडित





वाचस्पति तिवारी ने कहा कि जिस मुकदमे को आधार बनाकर जिला प्रशासन ने यह कार्रवाई की है वह मुकदमा मंदिर प्रशासन की देन है। यदि ऐसा ही था तो पहले ही परंपरा क्यों नहीं रोक दी गई? बोले अधिकारी महंत परिवार की प्रतिमा का विवाद हाईकोर्ट में लंबित है। इस मामले में मंदिर प्रशासन को भी नोटिस मिला है। जब तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं हो जाता है, मंदिर प्रशासन किसी को भी अनुमति नहीं दे सकता है। हाईकोर्ट का निर्णय आने के बाद ही इस मामले में कुछ भी कहा जा सकता है। माता अन्नपूर्णा के मंदिर का प्रांगण शनिवार को अन्नपूर्णा स्तोत्र से गुंजायमान हो उठा। अन्नकूट के महापर्व पर माता अन्नपूर्णा के मंदिर में 521 क्विंटल भोग की झांकी सजाई गई। साथ ही पंच दिवसीय उत्सव के अंतिम भक्तों ने माता की रसोई का प्रसाद भी ग्रहण किया। अपराह्न एक बजे माता अन्नपूर्णा की विशेष आरती कर भोग लगाया गया। आरती में 11 ब्राह्मण, 51 डमरू दल व भक्त गणों ने माता का जयकारा लगाया। अन्नकूट भोग आरती के बाद प्रथम तल पर माता के स्वर्णमयी गर्भ गृह में आरती की गई। महंत शंकर पुरी ने भक्तों में अपने हाथों से प्रसाद का वितरण किया। मंदिर प्रबंधक काशी मिश्रा ने बताया कि पांच दिवसीय उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने स्वर्णमयी अन्नपूर्णा के दर्शन किए। श्री काशी विश्वनाथ का हुआ 14 क्विंटल मिष्ठान्न से श्रृंगारः अन्नकूट महापर्व पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्री काशी विश्वनाथ का 14 क्विंटल मिष्ठान्न से श्रृंगार किया गया। अन्नकूट पर्व उत्सव पर भगवान शंकर, गौरी माता, गणेश जी की पंचबदन रजत चल प्रतिमा की भव्य आरती मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने उतारी। तत्पश्चात भव्य डमरू वादन के साथ पीएसी बैंड बाजे की तुमुल ध्वनि नाद के मध्य पंचबदन चल प्रतिमा की शोभायात्रा भगवान सत्यनारायण मंदिर से गर्भगृह तक निकली।

# बलिदानियों की याद में रोशनी से नहाया भीम सरोवर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** एक दीया शहीदों के नामः शुक्रवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम का। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भीम सरोवर के समीप दीप जलाकर और मुक्ताकाशी मंच पर शहीदों के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए जाने के साथ ही परिसर 11000 दीपों की आभा से जगमग हो उठा। दीपावली के अगले दिन शुक्रवार को शहीदों की याद में गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित भीम सरोवर रोशनी से नहा उठा। यूं लगा मानो दीपकों की लौ देश के लिए प्राणों को न्योछावर कर देने वाले बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रही हो। मंदिर के भीम सरोवर क्षेत्र में पहला दीपक



मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने प्रज्ज्वलित किया और इसके बाद मुक्ताकाशी मंच पर अमर बलिदानियों के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अवसर था शुक्रवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम का। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भीम सरोवर के समीप दीप जलाकर और मुक्ताकाशी मंच पर शहीदों के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए जाने के साथ ही परिसर 11000 दीपों की आभा से जगमग हो उठा। भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (भाई) की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रज्ज्वलित दीयों की जगमग अद्भुत लग रही थी। दीपों के प्रज्ज्वलित होने के बाद मंदिर परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष देशभक्ति औरसांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित गीतों, नृत्य की प्रस्तुतियों ने जोश का संचार कर दिया। डॉ. राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में शहीदों की याद में कार्यक्रम का शुभारम्भ संदीप पांडेय की टीम ने गणेश वंदना से की। तत्पश्चात् श्रुति कसौधन ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों' की प्रस्तुति से पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। सात्विका ने बहुत ही भावपूर्ण देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। सारिका राय के निर्देशन में बच्चों द्वारा उत्कृष्ट देशभक्ति समूह नृत्य की प्रस्तुति की गई। वीर सेन सूफी द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत पर सभी लोग झूम उठे। विकास मिश्रा की भजन प्रस्तुति भी सराहनीय रही।










DURGAWATI INTERNATIONAL SCHOOL & COLLEGE
URGENT REQUIREMENT
TRAINED & EXPERIENCED TEACHERS
FOR CLASSES VI to XII
SUBJECTS - ENGLISH, MATHS, S.ST , SCIENCE & COMPUTER
RESIDENCE FACILITY ALSO AVAILABLE FOR TEACHERS
Walk in Interview on 23-06-2024
Interested Candidates can send their Resume on the given contacts
Candidate should hold fluent English Communication Skill along with the qualified degrees
For more details Contact on: 7505561664, 9415017879

मिर्ज़ापुर

सोनभद्र

# विरोधी दल के नेता एमएलसी लाल बिहारी यादव का हुआ स्वागत



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शनिवार को विरोधी दल के नेता लाल बिहारी यादव का हिन्दुआरी में आगमन पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया उत्तर मध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन (लाल बिहारी गुट) सोनभद्र के जिलाध्यक्ष प्रबोध कुमार सिंह उपाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार यादव कोषाध्यक्ष मंगलम गोपालम जी ब्लाक अध्यक्ष संजय सिहं आदि दर्जनो शिक्षको ने स्वागत किया संजय सिंह ब्लाकअध्यक्ष ने बताय कि हम सभी शिक्षको कि समस्याओं का समाधान के लिए एक ही नेता है लालबिहारी यादव जो निडरता पूर्वक अपनी बातो को तर्क पूर्वक रखतें है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा रसड़ा में बीते बुधवार की रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षी युवक की हुई मौत। जानकारी के अनुसार राहुल उम्र 22 पिता राजकुमार बंजर टोला ग्राम सभा लसड़ा निवासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की सूचना मिलने पर गांव में हड़कंप मच गया वहीं इस मामले में हल्का प्रभारी चौकी इंचार्ज संतोष सिंह से जानकारी ली गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मामला मेरे संज्ञान आया है ग्राम प्रधान से वार्ता की गई तब पता चला है हालांकि मामले में विशेष जानकारी होने पर बताया जाएगा।

# गोवर्धन पूजा पर गौ पूजा कर नपा अध्यक्ष ने दिया संदेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** गोवर्धन पूजा पर्व पर रावटसगंज नगर पालिका क्षेत्र के गौशाला परिसर में शनिवार को नपा लिए सामग्री एकत्रित कर दान करें जिससे की गौशाला में गव पालन में भोजन सामग्री के साथ पोष्टितक आहार उप्लब्भता हो पाए। अध्यक्ष



अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा गौ सेवा कर पूजन अर्चन के माध्यम से आम जनमानस को दिया संदेश। वही नापाक अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि गोवर्धन पूजा के दिन को पूजा कर गौ माता की सेवा धर्म में उच्च मानी जाती है एक संदेश देने का कार्य मेरे द्वारा किया गया है वहीं लोगों को भी इसमें जोड़ने और प्रेरित करने के लिए बताया गया कहा गया कि बढ़-चढ़कर नगर वासी गौ सेवा करें और गौ माता के ने बताया कि गौ माता की सेवा करते हुए पूजा पाठ कर विधि विधान से वहां मौजूद सभासद गण व हम जनमानस का आभार व्यक्त किया गया इस मौके पर जेई मनीष कुमार, मनोज चौबे,धर्मराज जैन, अनवर अली,अजीत सिंह, सजीत,अंत सोनी,विनोद कुमार, शनि कुमार, दिनेश कुमार,प्रशिद्ध नाथ शुक्ला,रामविलास, आकाश आदि लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया दीपदान उत्सव


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** नगर स्थित कुशवाहा भवन पर तथागत प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ



मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि सत्यवंती मौर्य डिप्टी मेयर सासाराम कुशवाह समिति के सरंछक उदय नाथ कुशवाहा रामगोविंद कुशवाहा राजाराम सिंह बालेश्वर सिंह झरीलाल कुशवाहा जन प्रतिनिधि अविनाश कुशवाहा डॉ अनिल मौर्य मोहन कुशवाहा व समिति के पदाधिकारी सम्मिलित रूप से दीप प्रज्जलित किये अंतरराष्ट्रीय भाषाविद इतिहासकार प्रोफेसर डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा इतिहास को पुनः लिखने की जरूरत है राष्ट्र के निर्माण में सारे तथ्यों को समझने की जरूरत है प्रतियोगी परीछा में इतिहास से बहुत से प्रश्न आते है अविनाश कुशवाहा डॉ अनिल मौर्य ने मोहन कुशवाहा ने स्वागत भाषण दिया हाई स्कूल इंटरमीडिट यू पी बोर्ड सी बी एस सी बोर्ड में अक्छ्य कुमार हर्ष कुमार अंजलि अजय विपिन आयुषी प्रतिभा माधुरी राजनंदिनी रितिका नीट एग्जाम में आशीष कुमार संदीप मौर्य श्रेयस कुशवाहा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये मौर्य अनमोल रत्न का सम्मान व तछ शिला नालंदा के समृति चिन्ह बुजुर्गो को पकरू सिंह कन्हैया मौर्य सूर्य नाथ सिंह एच आर मौर्य को धम्म चक्र व मौर्य गौरव रत्न एजुकेशन के छेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राम फल मौर्य को उत्साहवर्धन सम्मान दिया गया समति के उद्देश्यों को संयोजक प्रवीण कुशवाहा ने बताया कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ संजय कुमार सिंह रवि शावक अरुण मौर्य ने सम्मिलित रूप से किया सभी लोगो का शिक्छा के ऊपर विशेष जोर रहा।

# बांके बिहारी को चढ़ा 56 भोग का प्रसाद, धूम धाम से मना गोवर्धन पूजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** नगर स्थिति बांके बिहारी मंदिर में गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन मथुरा वृंदावन के तर्ज पर किया गया ,इस अवसर पर बांके बिहारी जी को 56 प्रकार का भोग, मेवा, मिश्री, दही, दूध, मक्खन इत्यादि का भोग लगाया गया और उनकी विधिवत पूजा, आरती श्रद्धालुओं द्वारा किया गया इस अवसर पर उपस्थित महिला श्रद्धालुओं ने बांके बिहारी जी के सम्मान में विभिन्न प्रकार के लोकगीत ढोलक की थाप, करताल की ध्वनि पर गाया। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान गोवर्धन इंद्र का घमंड चूर करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाया था और देवराज इंद्र द्वारा बरसाए गए जल से नगर वासियों को बाढ़ की विभीषिका से बचाया था और नागरिकों के जीवन की रक्षा किया था। बांके बिहारी मंदिर सहित नगर के राम भक्त हनुमान के मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा महाबली हनुमान को 56 प्रकार का भोग, लड्डू, मिष्ठान आदि का भोग लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन कुमार जैन, राकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, आनंद मिश्रा ,रविंद्र केसरी, संगम गुप्ता, सुशील पाठक, कृष्ण मुरारी गुप्ता, राज नारायण तिवारी, देव गुरुजी, नरेंद्र गर्ग, चंद्रभान अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।



# डाला नगर पंचायत विकास कार्य के उड़ने लगे तोते

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।** नगर पंचायत में भ्रष्टाचार आपको जगह-जगह देखने



को मिल जाएगा चाहे वह सामान हो चाहे कार्य की गुणवत्ता हो सबको ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है भ्रष्टाचार का खुला खेल, जिसकी बानगी आप तस्वीर में देख सकते हैं एक तरफ स्ट्रीट लाइट की बात करें तो हर महीने नगर पंचायत में लगे स्ट्रीट लाइट को कहीं न कहीं बदला जाता है जबकि एक स्ट्रीट लाइट कंपनी की गारंटी 1 साल की होती है यहां 6 महीने भी नहीं चलता है और एक तस्वीर में महिला पिंक शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया शुरू से ही इस शौचालय की शिकायत कई बार हुआ लेकिन ठेकेदार और नगर पंचायत अध्यक्षा के तानाशाही के कारण शौचालय एक वर्ष भी नहीं चल पाया दरवाजा टूट गया महिलाओं को टॉयलेट करने में दिक्कत हो रही है एक दो दरवाजे में ताला लटका हुआ है और जो ताला खुला है उसका दरवाजा टूटा हुआ है इसी प्रकार सेक्टर बी चौराहे से आगे नाली का निर्माण डूडा से हो रहा है उस नाली में हाफ इंची गिट्टी और भस्सी डालकर नाली बनाई जा रही है जांच के नाम पर कहीं कुछ होता नहीं है जितने भी कार्य डूडा से डाला में हुए हैं सब की जांच अगर सही से हो तो सत्यता सामने नजर आएगा नगर में हो रहे कार्यों की जांच अति आवश्यक है क्योंकि जो ठेकेदार काम करा रहे हैं उनके काम की गुणवत्ता ही नहीं है इन्हीं लोगों के कारण सरकार के मनसा पर पानी फेरा जा रहा है एक तरफ भ्रष्टाचार मुक्त की बात होती है और डाला में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है बात करें डाला बस स्टैंड की जहां यह शौचालय बनाया गया है वहां पर महिला आने-जाने वाले यात्रियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है समाचार लिखे जाने तक स्थिति जस की तस बरकरार है।

# दीपावली के अवसर पर सोन साहित्य संगम ने आयोजित की काब्य गोष्ठी और साहित्यकार मिलन समारोह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सोन साहित्य संगम सोनभद्र के तत्वाधान में संस्था के नगर स्थित कार्यालय के पंडित महिम्न शरण मिश्र स्मृति सभागार में दीपावली के अवसर पर साहित्यकार मिलन समारोह एवम वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार मीडिया फोरम ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पंडित मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कवि पारस नाथ मिश्र, जाने माने कथाकार वरिष्ठ साहित्यकार 'असुविधा' के एसोसिएशन सोनभद्र के पूर्व अध्यक्ष एवम संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव उमापति पांडेय जी, इंजिनियर अनिल कुमार मिश्र, दुर्गेश दिवेदी,चार्टेड एकाउंटेंट प्रमोद कुमार दुबे, कमलेश चौबे,हिमांशु




एक काब्य गोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जनपद सोनभद्र के वरिष्ठ साहित्यकार मधुरिमा साहित्यिक संस्था के निदेशक नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र के पूर्व अध्यक्ष पंडित अजय शेखर ने की एवम संचालन संस्था के संयोजक राकेश शरण मिश्र ने किया। इस अवसर पर संस्था के संयोजक राकेश शरण मिश्र 'गुरु' की प्रथम काब्य संग्रह "खामोश कैसे रहूं' जिसका विमोचन कुछ माह पहले प्रयागराज में किया गया था का सोन साहित्य संगम परिवार के उपस्थित साहित्यकारों/ अतिथियों द्वारा स्थानीय विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित कवियों द्वारा एक से बढ़कर एक काब्य रस से सराबोर काब्य पाठ किया गया जो देर शाम तक चलता रहा।आए हुए साहित्यकारों/अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन संस्था के निदेशक निदेशक रामनाथ शिवेंद्र, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार ओम प्रकाश त्रिपाठी, सोन साहित्य संगम के उपनिदेशक वरिष्ठ कवि सुशील राही, राष्ट्रीय संचेतना समिति सोनभद्र के संयोजक वरिष्ठ कवि जगदीश पंथी,गीत कस्तूरी की निदेशक कवियत्री डा रचना तिवारी, कवि दिवाकर दिवेदी मेघ विजयगढ़ी, शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी के निदेशक कवि/ अधिवक्ता प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी, विंध्य संस्कृति शोध समिति सोनभद्र के निदेशक दीपक केशरवानी, कवि/अधिवक्ता अशोक कुमार तिवारी, कवि/अधिवक्ता मदन चौबे ,कवियत्री कौशल्या चौहान,कवि/अधिवक्ता धर्मेश चौहान, युवा कवि प्रभात सिंह चंदेल उपस्थित थे और सभी ने शानदार और बेमिसाल काब्य प्रस्तुति दी जिसको सुनकर श्रोताओं ने जमकर आनंद लिया। इसके अलावा साहित्य प्रेमी दी सोनभद्र टैक्स बार मिश्र,आकाश मिश्र एवम नीलेश मिश्र सहित दर्जनों साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत काब्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे बतौर अध्यक्ष मधुरिमा के निदेशक अजय शेखर ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। और इसके बाद कवि दिवाकर दिवेदी मेघ विजयगढ़ी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करके काब्य गोष्ठी का विधिवत आगाज किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित सभी कवियों एवम अतिथियों को संस्था के संयोजक राकेश शरण मिश्र 'गुरु' द्वारा 'खामोश कैसे रहूं' काब्य संग्रह देकर एवम अंगवस्त्र ओढ़ाकर सारस्वत सम्मान किया गया एवम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आमंत्रित आदरणीय कवियों एवम अतिथियों के प्रति स्वागत संबोधन करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया दीपदान उत्सव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** नगर स्थित कुशवाहा भवन पर तथागत प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि सत्यवंती मौर्य डिप्टी मेयर सासाराम कुशवाह समिति के सरंछक उदय नाथ कुशवाहा रामगोविंद कुशवाहा राजाराम सिंह बालेश्वर सिंह झरीलाल कुशवाहा जन प्रतिनिधि अविनाश कुशवाहा डॉ अनिल मौर्य मोहन कुशवाहा व समिति के पदाधिकारी सम्मिलित रूप से दीप प्रज्जलित किये अंतरराष्ट्रीय भाषाविद इतिहासकार प्रोफेसर डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा इतिहास को पुनः लिखने की जरूरत है राष्ट्र के निर्माण में सारे तथ्यों को समझने की जरूरत है प्रतियोगी परीछा में इतिहास से बहुत से प्रश्न आते है अविनाश कुशवाहा डॉ अनिल मौर्य ने मोहन कुशवाहा ने स्वागत भाषण दिया हाई स्कूल इंटरमीडिट यू पी बोर्ड सी बी एस सी बोर्ड में अक्छ्य कुमार हर्ष कुमार अंजलि अजय विपिन आयुषी प्रतिभा माधुरी राजनंदिनी रितिका नीट एग्जाम में आशीष कुमार संदीप मौर्य श्रेयस कुशवाहा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये मौर्य अनमोल रत्न का सम्मान व तछ शिला नालंदा के समृति चिन्ह बुजुर्गो को पकरू सिंह कन्हैया मौर्य सूर्य नाथ सिंह एच आर मौर्य को धम्म चक्र व मौर्य गौरव रत्न एजुकेशन के छेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राम फल मौर्य को उत्साहवर्धन सम्मान दिया गया समति के उद्देश्यों को संयोजक प्रवीण कुशवाहा ने बताया कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ संजय कुमार सिंह रवि शावक अरुण मौर्य ने सम्मिलित रूप से किया सभी लोगो का शिक्छा के ऊपर विशेष जोर रहा।



# मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-05 के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को सोनभद्र पुलिस द्वारा किया गया जागरूक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाएं, सहायता हेतु महिला



हेल्पलाइन नम्बर अथवा थाने की महिला हेल्प डेस्क पर सम्पर्क करें महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा दण्डनीय अपराध है उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद सोनभद्र के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है ।

# थाना राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मोबाइल व 50,000 रुपया चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उदेश्य से अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में आज दिनांक 02.11.2024 को थाना रावर्टसगंज पर पंजीकृत मु.अ.सं.-641/24 धारा -379 भादवि में उ0नि0 श्री कमल नयन दूबे मय हमराह का0 मनीष कुमार व का0 राजेश पासवान के द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित के मोबाइल के साथ हाईड्रील मैदान के पास शिवा डोम पुत्र रमेश डोम निवासी काशी राम आवास थाना रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष के कब्जे से बरामद कर वादी मुकदमा से पहचान कराया गया तथा विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समय- दिनांक 02.11.2024 को स्थान हाईड्रील मैदान (काशीराम आवास) थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- 1. शिवा डोम पुत्र रमेश डोम निवासी काशी राम आवास थाना रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस का विवरणः 1-उ0नि0 श्री कमल नयन दूबे प्रभारी चौकी कस्बा रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र । 2 का0 मनीष कुमार चौकी कस्बा रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र । 3- का0 राजेश पासवान चौकी कस्बा रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र ।



# विकास नगर वार्ड नंबर 5 में नाली के टूटे ढक्कन बदलने की मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** समाज सेवी और संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश शरण मिश्र ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर नगरपालिका परिषद राबर्ट्सगंज के वार्ड नंबर 5 विकास नगर में मार्ग के बीचों बीच बनी नाली के टूटे ढक्कन बदलने और उसे जल्द ढकने की मांग की है श्री मिश्र ने पत्र में लिखा है कि विकास नगर वार्ड नंबर 5 में आने जाने वाले राहगीरों को नाली के ढक्कन टूटे होने के कारण नाली के सड़े गंदे पानी से निकलने वाली भयंकर बदबू से बहुत ही तकलीफ का सामना करना पड़ता है और साथ ही ढक्कन टूटने एवम नाली खुली होने के कारण राहगीरों और छुट्टा पशुओं के नाली में गिरने का भय बना रहता है। श्री मिश्र ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में मांग किया है कि वार्ड 5 के रहवासियों को संक्रामक रोग से बचाने के लिए और खुली नाली में राहगीरों को गिरने से बचाने के लिए उक्त नाली के टूटे ढक्कन बदलने एवम जल्द से जल्द ढकने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करे। श्री मिश्र ने पत्र में अनुरोध किया है कि मार्ग में बीचों बीच बनी नाली के ढक्कन टूटने से दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन को लेकर जाने से नाली में गाड़ी गिरने का और दुर्घटना होने का भय बना रहता है इसलिए खुली नाली को तत्काल ढकवाने हेतु जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें ।





# स्पोर्ट्स

## न्यूजीलैंड ने हासिल की 143 रन की बढ़त, जडेजा ने चार और अश्विन ने तीन विकेट लिए, भारत 263 पर ऑलआउट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 171 रन बनाए और 143 रनों की बढ़त हासिल कर ली। एजाज पटेल सात रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 171 रन बनाए और 143 रनों की बढ़त हासिल कर ली। एजाज पटेल सात रन बनाकर नाबाद लौटे। शनिवार को कीवियों के लिए विल यंग ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 51 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अलावा कॉनवे ने 22, मिचेल ने 21 और फिलिप्स ने 26 रन बनाए। भारत के लिए जडेजा ने चार, अश्विन ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, आकाश दीप और सुंदर को एक-एक विकेट मिला। भारत की पहली पारी 263 रन पर समाप्त हुई। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे। इस लिहाज से टीम इंडिया को 28 रन की बढ़त मिली। भारत की ओर से शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 90 रन बनाए। शनिवार को भारत ने चार विकेट पर 86 रन से आगे खेलना शुरू किया और 177 रन बनाने में बाकी छह विकेट गंवा दिए। शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने आज भारतीय पारी को आगे बढ़ाया और आक्रामक बल्लेबाजी की। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी निभाई। पंत ने इस दौरान टेस्ट करियर का 13वां अर्धशतक और गिल ने सातवां अर्धशतक लगाया। बड़े हिट के चक्कर में पंत एल्बीडब्ल्यू आउट हो गए। उन्हें ईश सोढ़ी ने पवेलियन भेजा। वह 59 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। एक वक्त भारत का स्कोर चार विकेट पर 180 रन था और फिर 83 रन बनाने में टीम इंडिया ने आखिरी छह विकेट गंवा दिए। पंत के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा 14 रन, रविचंद्रन अश्विन छह रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल ने 146 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 90 रन की पारी खेली। सरफराज खान और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके। वॉशिंगटन सुंदर ने आखिर में कुछ बड़े हिट्स लगाए और भारत को बढ़त दिलाई। वह 36 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने पांच विकेट लिए। वहीं, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला।



## वह धोनी से मिले, कोई तो पीली जर्सी पहनने वाला है', रैना ने इस खिलाड़ी के सीएसके में जाने के दिए संकेत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पंत 2016 से दिल्ली टीम के साथ थे और नौ साल इस फ्रेंचाइजी के लिए खेलने के बाद कैपिटल्स का साथ छोड़ रहे हैं। पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 111 मैच खेले और 35.31 की औसत और 148.93 के स्ट्राइक रेट से एक शतक और 18 अर्धशतक के साथ 3284 रन बनाए। भारत और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के सीएसके में शामिल होने को लेकर एक बड़ा संकेत दिया है। पंत को आईपीएल 2025 मेगा नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) द्वारा रिलीज कर दिया गया है। इस स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज को नीलामी में अच्छी राशि मिलने की उम्मीद है। पंत के सीएसके में शामिल होने की अटकलों को लेकर रैना ने कहा कि उन्होंने हाल ही में दिल्ली में अपने पूर्व सीएसके और भारत के कप्तान एमएस धोनी से मुलाकात की थी और वहां पंत भी मौजूद थे।रैना ने पंत के सीएसके में शामिल होने की संभावना पर संकेत देते हुए कहा कि कोई जल्द ही पीली जर्सी पहनेगा। उन्होंने कहा, 'मैं दिल्ली में एमएस धोनी से मिला, पंत भी वहां थे। मुझे लगता है कि कुछ बड़ा होने वाला है। कोई जल्द ही पीले रंग की जर्सी पहनेगा।' पंत 2016 से दिल्ली टीम के साथ थे और नौ साल इस फ्रेंचाइजी के लिए खेलने के बाद कैपिटल्स का साथ छोड़ रहे हैं। पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 111 मैच खेले और 35.31 की औसत और 148.93 के स्ट्राइक रेट से एक शतक और 18 अर्धशतक के साथ 3284 रन बनाए। दिल्ली ने जिन चार खिलाड़ियों को रिटेन किया है, उनमें अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ट्रिस्टन स्टब्स और अभिषेक पोरेल शामिल हैं। अक्षर, कुलदीप और स्टब्स कैप्ड खिलाड़ी हैं, जबकि पोरेल अनकैप्ड हैं। दिल्ली के पास ऑक्शन में राइट टू मैच कार्ड से दो कैप्ड या अनकैप्ड खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ने का मौका होगा। दिल्ली ने अक्षर पटेल को सबसे ज्यादा 16.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। वहीं, फ्रेंचाइजी ने कुलदीप को 13.25 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। ट्रिस्टन स्टब्स को 10 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया है। अभिषेक पोरेल को चार करोड़ रुपये में रिटेन किया गया है। अब दिल्ली के पर्स में 73 करोड़ रुपये बचे हैं।



## भारतीय टीम को अश्विन ने दी खास सलाह कहा- लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं होगा, अच्छी बल्लेबाजी जरूरी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** अश्विन ने कहा- हमें उनकी पारी का अंत करना होगा। इस पारी में बचाया गया हर रन अहम है। इस पिच पर रन बनाना आसान नहीं है। हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। दिग्गज ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि वानखेड़े स्टेडियम की टर्न लेती पिच पर 150 के आसपास का लक्ष्य भारतीय बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा। बता दें कि, भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला मुंबई में खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 171 रन बनाए और 143 रनों की बढ़त हासिल कर ली। अश्विन ने कहा- हमें उनकी पारी का अंत करना होगा। इस पारी में बचाया गया हर रन अहम है। इस पिच पर रन बनाना आसान नहीं है। हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। अश्विन इस पिच पर धीमी उछाल से हैरान हैं क्योंकि आम तौर पर मुंबई में ऐसा नहीं होता है। दिग्गज ने कहा- मुझे लगा था कि और उछाल होगी। यहां काफी धीमी उछाल है जबकि मुंबई की पिच ऐसी नहीं होती। मैच दो हिस्सों में बंट गया है। एक पवेलियन छोर और दूसरा छोर और दोनों की प्रकृति अलग है। ड्रेसिंग रूम की तरफ से गेंदबाजी करने पर यह सपाट है और उछाल बहुत कम है।भारत की पहली पारी 263 रन पर समाप्त हुई। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे। इस लिहाज से टीम इंडिया को 28 रन की बढ़त मिली। भारत की ओर से शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 90 रन बनाए। शनिवार को भारत ने चार विकेट पर 86 रन से आगे खेलना शुरू किया और 177 रन बनाने में बाकी छह विकेट गंवा दिए। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने पांच विकेट लिए। वहीं, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला।




## अगले साल केकेआर का नया घरेलू मैदान हो सकता है अगरतला, जानें पूरा मामला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** केकेआर ने चार कैप्ड और दो अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन किया है। फ्रेंचाइजी ने आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, रिंकू सिंह और वरुण चक्रवर्ती के रूप में चार कैप्ड खिलाड़ी और रमनदीप सिंह और हर्षित राणा के रूप में दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन किया है। त्रिपुरा के नरसिंहगढ़ में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 2025 आईपीएल सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स का दूसरा घरेलू मैदान हो सकता है चूंकि कोलकाता के ईडन गार्डन में बड़े पैमाने पर नवीनीकरण का काम शुरू होने वाला है। नरसिंहगढ़ स्टेडियम का निर्माण 2017 में शुरू हुआ जिसकी लागत 185 करोड़ रूपये है लेकिन अभी तक स्टेडियम तैयार नहीं हो सका है। त्रिपुरा क्रिकेट संघ के सचिव सुब्रत डे ने कहा, 'आईपीएल अध्यक्ष अरूण कुमार धूमल ने हाल ही में स्टेडियम का दौरा किया । उन्होंने कहा कि अगर फरवरी तक स्टेडियम तैयार हो जाता है तो यह केकेआर का दूसरा घरेलू मैदान हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास आईपीएल मैचों की मेजबानी का सुनहरा मौका है लिहाजा हमने मशहूर कंस्ट्रक्शन एजेंसी को काम फरवरी 2025 तक पूरा करने के लिये कहा है।'केकेआर ने चार कैप्ड और दो अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन किया है। फ्रेंचाइजी ने आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, रिंकू सिंह और वरुण चक्रवर्ती के रूप में चार कैप्ड खिलाड़ी और रमनदीप सिंह और हर्षित राणा के रूप में दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन किया है। फ्रेंचाइजी ने रिंकू सिंह को सबसे ज्यादा 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया। वहीं, सुनील नरेन, वरुण और आंद्रे रसेल को 12-12 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। हर्षित और रमनदीप को फ्रेंचाइजी ने चार-चार करोड़ रुपये में रिटेन किया।



## ऋषभ पंत ने क्यों छोड़ा दिल्ली कैपिटल्स का साथ इस रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा, वजह जानकर चौंक जाएंगे

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पंत को 2016 में दिल्ली कैपिटल्स ने ऑक्शन के जरिये अपनी टीम में शामिल किया था। उन्हें पिछली दो मेगा नीलामी से पहले रिटेन किया गया था। यहां तक कि पंत पिछले मेगा ऑक्शन में फ्रेंचाइजी के साथ ऑक्शन टेबल पर बैठकर फैसले लेते दिखे थे। आईपीएल 2025 मेगा नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) द्वारा ऋषभ पंत को रिटेन नहीं किए जाने के बाद एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। 2020 के फाइनलिस्ट के साथ पंत का नौ साल का संबंध समाप्त हो गया क्योंकि फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया। रिटेंशन लिस्ट में अक्षर टीम की पहली पसंद रहे। हालांकि, एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि पंत सह-मालिक जीएमआर समूह द्वारा लिए गए फैसलों से नाखुश थे। जीएमआर ग्रुप अगले दो वर्षों के लिए फ्रेंचाइजी चलाएंगे। जीएमआर ग्रुप ने हाल ही में कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किए थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पंत हेमंग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को डीसी में क्रिकेट निदेशक के रूप में नियुक्त करने के फैसले से असंतुष्ट थे। इसके अलावा, यह बताया गया है कि पंत जीएमआर ग्रुप द्वारा उनकी शक्तियों पर अंकुश लगाए जाने से भी नाखुश थे। इससे पहले, यह बताया गया था कि दिल्ली कैपिटल्स पंत से कप्तानी छीनने और अक्षर पटेल को सौंपने पर विचार कर रही थी। पंत को 2016 में दिल्ली कैपिटल्स ने ऑक्शन के जरिये अपनी टीम में शामिल किया था। उन्हें पिछली दो मेगा नीलामी से पहले रिटेन किया गया था। यहां तक कि पंत पिछले मेगा ऑक्शन में फ्रेंचाइजी के साथ ऑक्शन टेबल पर बैठकर फैसले लेते दिखे थे। जेएसडब्ल्यू ग्रुप और जीएमआर ग्रुप के बीच दिल्ली कैपिटल्स का 50-50 प्रतिशत स्वामित्व है। प्रत्येक ग्रुप दो साल तक फ्रेंचाइजी चलाता है। 2025 और 2026 आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स जीएमआर ग्रुप के अंदर होगा और उनके निर्देशन में खेलेगी। जीएमआर ग्रुप का ही फैसला था, जिसकी वजह से डीसी ने रिकी पोंटिंग के साथ अलग होने का फैसला किया। पोंटिंग सात साल से टीम के मुख्य कोच थे। भारत के दिग्गज क्रिकेटर सौरव गांगुली को टीम के क्रिकेट निदेशक के रूप में हटाया गया था। इन परिवर्तनों ने पंत को नाखुश कर दिया और उन्हें नीलामी में एक अलग फ्रेंचाइजी की तलाश करने का कारण दे दिया है। पंत यकीनन इस साल ऑक्शन पूल में सबसे अधिक मांग वाले नाम होंगे। उन्होंने इस साल भारतीय टीम के साथ टी20 विश्व कप 2024 जीता है।



## कोलकाता नाइटराइडर्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर को क्यों किया रिलीज सीईओ वेंकी मैसूर ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** मैसूर ने बताया कि रिटेंशन प्रक्रिया में आपसी सहमति की आवश्यकता होती है और श्रेयस अय्यर के साथ ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने कहा- रिटेंशन के लिए दोनों ओर से आपसी सहमति होनी चाहिए। यह एकतरफा नहीं हो सकता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सीईओ वेंकी मैसूर ने मेगा नीलामी से पहले आईपीएल 2024 के विजेता कप्तान श्रेयस अय्यर को रिटेन नहीं करने के पीछे की विचार प्रक्रिया का खुलासा किया है। श्रेयस की कप्तानी में केकेआर ने 2024 में 10 साल के ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया था और टीम चैंपियन बनी थी, लेकिन फ्रेंचाइजी ने रिटेंशन लिस्ट में श्रेयस को छोड़ छह अन्य खिलाड़ियों को रिटेन किया। इसको लेकर कई रिपोर्ट्स सामने आए थे और बताया जा रहा था कि श्रेयस केकेआर से ज्यादा सैलरी की मांग कर रहे थे। अब मैसूर ने बताया है कि फ्रेंचाइजी से अलग होना पूरी तरह से श्रेयस का फैसला था। केकेआर का इससे कोई लेना देना नहीं है और यही वजह है कि उन्हें बरकरार नहीं रखा गया। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि श्रेयस ऑक्शन में अपने मार्केट वैल्यू को परखना चाहते थे। मैसूर ने रेवस्पोर्ट्ज से बात करते हुए कहा- वह हमारी रिटेंशन सूची में नंबर एक थे। वह कप्तान है और हमें पूरी टीम नेतृत्व करने वाले के इर्द-गिर्द ही बनानी होती है। हमने उन्हें 2022 में अच्छी कप्तानी के लिए ही चुना था।' मैसूर ने बताया कि रिटेंशन प्रक्रिया में आपसी सहमति की आवश्यकता होती है और श्रेयस अय्यर के साथ ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने कहा- रिटेंशन के लिए दोनों ओर से आपसी सहमति होनी चाहिए। यह एकतरफा नहीं हो सकता। सिर्फ फ्रेंचाइजी इसमें कुछ नहीं कर सकती। खिलाड़ी को कई कारकों पर विचार करना होता है और सहमत होना होता है।' मैसूर ने कहा, 'अगर इस समझौते में कुछ कारक आ जाते हैं, जैसे पैसे या फिर अगर कोई अपने मार्केट वैल्यू का परीक्षण करना चाहता हो, तो निर्णय प्रभावित होता है।' हालांकि, मैसूर ने बताया कि श्रेयस के साथ उनके अच्छे संबंध हैं, लेकिन वह नीलामी में अपने मार्केट वैल्यू को देखना चाहते थे। श्रेयस के इस फैसले का समर्थन करने में मैसूर को खुशी हुई। उन्होंने खिलाड़ियों के अपने व्यावसायिक मूल्य को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया। मैसूर ने कहा, 'इस मामले में, ऐसा हुआ कि उन्हें लगा कि यह सबसे अच्छा समय है अपने बारे में जानने का। जब नीलामी में जाने और उनके मूल्य का परीक्षण करने की बात आती है तो हम हमेशा खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं।' इस साल ऑक्शन में केकेआर के अलावा कई और टीमों को कप्तान की तलाश है।



## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलेंगे मैकस्वीनी पोंटिंग और हीली ने टीम में शामिल करने की वकालत की


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** डेविड वॉर्नर के इस साल की शुरुआत में संन्यास लेने और स्टीव स्मिथ के अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर लौटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए एक सलामी बल्लेबाज की तलाश है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और इयान हीली ने भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय टीम में सलामी बल्लेबाज के खाली पड़े एक स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कप्तान नाथन मैकस्वीनी का चयन करने की वकालत की है। डेविड वॉर्नर के इस साल की शुरुआत में संन्यास लेने और स्टीव स्मिथ के अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर लौटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए एक सलामी बल्लेबाज की तलाश है। मैकस्वीनी, सैम कोनस्टास, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस जैसे खिलाड़ी इस रिक्त स्थान को भरने के दावेदारों में शामिल हैं। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू शो' में कहा, 'मेरे हिसाब से इस स्थान को भरने का एकमात्र दावेदार नाथन मैकस्वीनी है, जो क्वींसलैंड में जन्मे हैं और अब दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन किया है।' हीली ने एसईएन रेडियो से कहा, 'मुझे खुशी है कि लोगों ने देखा कि नाथन मैकस्वीनी किस तरह से अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। मैं उसे अच्छी तरह से जानता हूं क्योंकि वह मेरे क्लब से जुड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता भी उसके बारे में जानते हैं क्योंकि उसने हाल ही में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। वह चारों दावेदारों में सबसे अधिक तैयार नजर आता है।'इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने बल्लेबाजी कोच नील डीकोस्टा ने भारत के पृथ्वी शॉ का उदाहरण देते हुए ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं से आग्रह किया है।



## सम्पादकीय

# क्या नीतीश रेड्डी के रूप में भारत को मिला एक और 'हार्दिक पांड्या'

साल 2023 में आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद में नीतीश को बेस प्राइस 20 लाख रुपए में एक्शन में लिया। साल 2024 में नीतीश ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 64 रन और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 74 रन बनाकर सनराइजर्स हैदराबाद की जीत में अहम भूमिका अदा की। क्या भारत को एक और हार्दिक पांड्या मिल गया है? ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि जिस तरह की शुरुआत नीतीश कुमार रेड्डी ने अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर में की है, उससे साफ दिख रहा है कि टीम इंडिया को एक और होनहार ऑलराउंडर मिल चुका है। नीतीश ने दिल्ली में बांग्लादेश के खिलाफ अपने दूसरे ही टी-20 मैच में जिस तरह का प्रदर्शन किया, उसे शब्दों से बयां नहीं किया जा सकता। नीतीश अभी मात्र 21 साल के हैं। उनकी बॉलिंग और बैटिंग देखकर स्पष्ट दिख रहा है, यह लंबी रेस का खिलाड़ी है। 26 मई 2003 को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में नीतीश का जन्म हुआ। उनके पिता हिंदुस्तान जिंक कंपनी में काम करते थे। मात्र 5 साल की उम्र में नीतीश ने प्लास्टिक बैट से क्रिकेट खेलने प्रारंभ कर दिया था। वो अक्सर हिंदुस्तान जिंक के ग्राउंड पर सीनियर खिलाड़ियों के खेल को देखने चले जाते थे। पिता ने बचपन में ही बेटे की प्रतिभा को पहचाना। जब पिता का उदयपुर (राजस्थान) में हिंदुस्तान जिंक में ट्रांसफर हुआ तो लगा कि नीतीश की ट्रेनिंग कहीं रुक न जाए। पिता ने नौकरी ही छोड़ दी और बेटे को क्रिकेटर बनने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।नीतीश के शुरुआती कोच कुमारास्वामी, कृष्ण राव और वाटेकर रहे।




हालांकि, नीतीश के क्रिकेटिंग करियर में तब बड़ा टर्न आया, जब पूर्व भारतीय क्रिकेटर व सिलेक्टर एम.एस.के. प्रसाद में उन्हें अंडर-12 और अंडर- 14 के ग्रुप मैचों में खेलते देखा। प्रसाद ने नीतीश को आंध्र प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन अकादमी में कोचिंग के लिए बुला लिया। यहां उन्हें मधुसुधाना रेड्डी और श्रीनिवास राव ने कोचिंग दी। नीतीश तब चर्चाओं में आए, जब उन्होंने 2017-18 के सीजन में विजय मर्चेंट ट्रॉफी में नागालैंड के खिलाफ 345 गेंदों पर 441 रन की पारी खेली। इस सीजन में नीतीश ने न केवल 1237 रन बनाए, बल्कि 26 विकेट भी लिए। उन्हें बीसीसीआई ने बेस्ट क्रिकेटर अंडर-16 का जगमोहन डालमिया अवॉर्ड दिया। यह अवॉर्ड पाने वाले आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन के नीतीश पहले खिलाड़ी बने। साल 2023 में आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद में नीतीश को बेस प्राइस 20 लाख रुपए में एक्शन में लिया। साल 2024 में नीतीश ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 64 रन और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 74 रन बनाकर सनराइजर्स हैदराबाद की जीत में अहम भूमिका अदा की। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के टी-20 से संन्यास के बाद टीम में थोड़ी जगह खाली हुई। प्रतिभावान नीतीश को सिलेक्टर्स ने मौका दे दिया। बांग्लादेश के खिलाफ अपने पहले मैच में नीतीश ने नाबाद 16 रन बनाए। हालांकि, उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन दिल्ली में नीतीश ने 34 गेंदों पर 74 रन की आतिशी पारी खेली, जिसमें 7 छक्के और 4 चौक के शामिल थे। गेंद से भी नीतीश ने कमाल किया और मात्र 23 रन देकर दो विकेट लिए। हालांकि, तीसरे टी-20 में बैटिंग का मौका नहीं मिला, जब वो क्रीज पर आए तो 3 गेंद ही मैच की बची थीं। गेंदबाजी में जरूर नीतीश ने एक विकेट लिया। टीम इंडिया में अच्छे ऑलराउंडर्स की कमी हमेशा से रही है, लेकिन नीतीश ने जिस अंदाज में शुरुआत की है तो लग रहा है कि टीम इंडिया को हार्दिक पांड्या के बाद एक और अच्छा ऑलराउंडर मिल गया है, जो न केवल बल्ले से धुआंधार बैटिंग करता है, बल्कि मीडियम पेस गेंदबाजी से विकेट लेने की क्षमता भी रखता है।

## हान कान्ग को नोबेल पुरस्कार

1901 से 2024 तक साहित्य का नोबेल पुरस्कार 117 बार दिया गया है और यह 121 रचनाकारों को प्राप्त हुआ है। इस सदी में स्त्री लेखन ने नोबेल समिति का ध्यान खासतौर पर खींचा है। 10 अक्तूबर 2024 को नोबेल समिति की साहित्य पुरस्कार विजेता की घोषणा सुन कर हान कान्ग पर उपन्यासकार इमर मैक्ब्रिड की प्रतिक्रिया थी, 'एक महान जीवित रचनाकार, वे स्त्रियों, सत्य और सबसे बढ़कर साहित्य शक्ति जो कर सकती है उसकी आवाज हैं।' उन्होंने कुछ शब्दों में हान कान्ग के लेखन की तमाम विशेषताओं को गिना दिया है। सच में इस साल यह पुरस्कार उपयुक्त रचनाकार को मिला है। 1901 से 2024 तक साहित्य का नोबेल पुरस्कार 117 बार दिया गया है और यह 121 रचनाकारों को प्राप्त हुआ है। कई बार दो लोगों को एक साथ नोबेल पुरस्कार दिया गया है। इसमें से कई स्त्री रचनाकार रही हैं। इस सदी में स्त्री लेखन ने नोबेल समिति का ध्यान खासतौर पर खींचा है। मात्र 24 सालों में नौ स्त्री रचनाकारों को यह प्राप्त हुआ है, जबकि पूरी पिछली सदी में केवल नौ को मिला था।इस सदी में आगे स्त्री रचनाकारों के लिए संभावना दिख रही है। हान कान्ग इंटरनेशनल बुकर और नोबेल पाने वाली दक्षिण कोरिया की पहली महिला रचनाकार हैं। स्त्री जीवन के आसपास कथानक बुनने वाली दक्षिण



कोरिया में 27 नवम्बर 1970 को जन्मीं हान कान्ग के लिए नोबेल समिति ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है, 'उनका गहन काव्यात्मक गद्य ऐतिहासिक हादसों का सामना करता है, मनुष्य जीवन-भंगुरता को उजागर करता है।' समिति की घोषणा में हान कान्ग की किताब 'द वेजीटेरियन', 'द व्हाइट बुक', 'हुमन एक्ट्स', 'ग्रीक लेसन्स' आदि का उल्लेख किया गया है। दस साल की उम्र से सियोल में रह रही हान कान्ग ने सियोल के योन्से विश्वविद्यालय से कोरियन साहित्य में शिक्षा ग्रहण की है।



# 5 नवंबर से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा ।** सेक्टर 82 पाकेट 7 के सेन्ट्रल पार्क में 22वा छठ महापर्व मनाया जा रहा है। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा ने कहा है कि 5 नवंबर कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू होगा।6 नवम्बर कार्तिक शुक्ल पंचमी को खरना 7 नवंबर कार्तिक शुक्ल षष्ठी को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य और 8 नवम्बर कार्तिक शुक्ल सप्तमी को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया जायेगा।नहाय-खाय के दिन 5 नवंबर को छठव्रती एवं श्रद्धालु सुबह के समय सर्वप्रथम अपने घरों और आस-पास की सफाई करेंगे।स्नान करके छठव्रती चावल, चना दाल और लौकी की शब्जी का प्रसाद बनाएंगें।पूजा के उपरांत छठव्रती प्रसाद ग्रहण करेंगे और घर के सभी सदस्यों और पड़ोसियों को प्रसाद देंगे।इस दिन छठव्रती पूर्ण रूप से शुद्ध और स्वच्छ होकर सूर्योपासना के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हो जाते हैं।उसके बाद उनका व्रत शुरू हो जाएगा। 6 नवंबर को प्रातः उठकर छठव्रती और श्रद्धालु घर और आस-पास की सफाई



करेंगे।स्नान करके छठव्रती स्वयं रोटी, चावल का पिट्ठा, शक्कर का खीर,आदि प्रसाद बनायेंगे।सभी प्रसाद मिट्टी के बर्तनों में बनाया जाता है।शाम के समय घर के अंदर अकेले व एकांत में बैठकर छठव्रती छठी मैया व भगवान भास्कर की पूजा करेंगी।मिट्टी की चुकड़ी, ढकना आदि में प्रसाद, कसेली, पान का पत्ता, कपूर,सिंदूर आदि रखकर दीपक जलाएंगे और छठी मैया और भगवान भास्कर की पूजा छठव्रतियों द्वारा की जायेगी।पूजा के उपरांत छठव्रती स्वयं प्रसाद ग्रहण करेंगी और घर के सभी सदस्यों, पड़ोसियों और मित्रगणों को प्रसाद दिया जायेगा।इसी के साथ छठव्रतियों का 36 घण्टे का निर्जला उपवास व्रत शुरू हो जायेगा।इस 36 घण्टे के उपवास में छठव्रती कोई खाना,पानी आदि कुछ ग्रहण नहीं करते हैं। बिना पानी के पूर्ण रूप से उपवास में रहते हैं।7 नवम्बर को दिन में छठव्रतियों द्वारा गेहूं का आटा, घी और शक्कर का ठेकुआ तथा चावल, घी और शक्कर का लड्डू प्रसाद के लिए बनाया जायेगा।बांस के बने सूप, डाला, दौरा में सभी प्रकार का प्रसाद रखा जायेगा।प्रसाद के रूप में सेब, केला, नारंगी, अमरूद, डाभ सहित सभी प्रकार का फल,ईख, पानी में फलनेवाला सिंघाड़ा, मूली, सुथनी, सकरकंद,कच्चा नारियल, चीनी का बना साँचा, घर में बना ठेकुआ, लड्डू, कच्चा धागे का बना बद्धी, सिंदूर, कपूर,अगरबत्ती आदि रखा जाता है।सायं काल में सूर्यास्त से पूर्व छठव्रती और उनके परिवार के सदस्य सिर पर प्रसाद सहित सूप, डाला, दौरा लेकर श्रद्धालु घर से निकलकर छठघाट पर जायेंगे।छठव्रती घर से घाटों तक कष्टी देते जाते हैं।नदी, तालाब, कृत्रिम तालाब,तरणताल आदि छठघाट के रूप में प्रयोग में लाये जाते हैं।सूर्यास्त से पूर्व हाथ में प्रसाद रखा हुआ सूप, डाला, दौरा लेकर छठव्रती छठघाट में प्रवेश करेंगे और भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करेंगे।सभी उपस्थित श्रद्धालु भगवान भास्कर को जल द्वारा अर्घ्य प्रदान करेंगे।भगवान सूर्य को अर्घ्य सूर्यास्त से पूर्व दिया जायेगा।सायंकाल छठ घाट के निकट सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से छठ माता के गीतों और लोकगीतों की धूम रहेगी। 8 नवंबर को प्रातःकाल उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।सूर्योदय से पूर्व छठव्रती और उनके परिवार के सदस्य सिर पर प्रसाद से भरा सूप,डाला और दौरा लेकर श्रद्धालु घर से चलकर छठघाट पर आयेंगे। सूर्योदय होते ही छठव्रती घाट में प्रवेश कर और हाथ में प्रसाद से भरा सूप, डाला, दौरा आदि लेकर उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान करेंगे।अन्य उपस्थित श्रद्धालु गौ दूध से भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। अर्घ्य अर्पित करने के उपरांत छठव्रती छठघाट पर बने सूर्यपिंड के निकट बैठकर भगवान भास्कर और छठमाता की पूजा-अर्चना करेंगे।पूजा के उपरांत छठव्रतियों द्वारा पारण किया जायेगा।छठव्रतियों द्वारा प्रसाद ग्रहण करने के बाद घर के सभी सदस्य, पड़ोसी और सभी लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई शिक्षा नीति के सामने खड़ी चुनौतियां

सन् 1871 में जॉन रस्किन मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक पत्रिका निकलते थे। इस पत्रिका की तारीफ टालस्टाय ने भी किया था और बाद में महात्मा गांधी ने भी इस पत्रिका को खोजकर पढ़ा था। रस्किन की राय है कि वही शिक्षा लेनी चाहिए और वही शिक्षा दरअसल शिक्षा है- जो आत्मा का ज्ञान करावें। मनुष्य मात्र को बचपन से यह जानना चाहिए कि साफ हवा, स्वच्छ पानी और साफ-सुथरी मिट्टी किसे कहते हैं। इन्हें किस तरह रखा जाए और कैसे उपयोग किया जाए? यह बुनियादी सवाल है। दरअसल, इस मुद्दे पर हर दौर में चर्चा होनी चाहिए। हमें सबक लेना चाहिए कि औद्योगिक विकास के अब तक दौर में हमने इन प्रकृतिक धरोहरों के साथ किस तरह का व्यवहार किया है? शिक्षा के विषय में बौध दर्शन के विद्वान् आचार्य रिनपोछे सवाल करते है कि- क्या हमारी मौजूद शिक्षा व्यवस्था में - प्रज्ञा शील और समाधि के लिए कोई स्थान है ? मतलब विवेक, नैतिकता और संसार के बन्धनों से मुक्ति के उपायों की कोई गुंजाइश आज की शिक्षा से हम प्राप्त कर सकते हैं यह सवाल इस लिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि एक ऐसे समय में हर चीज की कीमत लगाई जा रही है, उसे पण्य वस्तु मानकर खरीद-फरोख्त के लिए अवसरों की तलाश की जा रही है। तब शिक्षा के क्षेत्र में भी यही फॉर्मूला अपनाया रहा हो, तो इसमें कोई अचरज की बात नहीं। एक अनुमान के मुताबिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए सन् 2035 तक हम विभिनन्न क्षेत्रों से अपनी अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर योगदान की सम्भावना तलाशने में लगे हैं। इनमें स्कूलों-कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की मौजूदा शिक्षा व्यवस्था से लेकर वित्तीय संस्थानों, बैंकिंग, सरकारी कामकाज, और 'आटोमेशन' की वजह हर क्षेत्र में छंटनी और नौकरियों के सेलेक्सन की प्रक्रिया में भी बड़े बदलाव आने के संकेत मिल रहे हैं।सन् 2034 तक 'अलगोरिदम' और 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' हर क्षेत्र में दुनिया को संचालित करने की स्थिति में आ जाएंगे। सवाल है कि तब हमारे स्कूल के उस 'दुखहरन मास्टर साहब' का क्या होगा, जिसकी चर्चा जन कवि नागार्जुन अपनी एक कविता में करते हैं और उस स्थिति से हमें रुबरु कराते हैं, जो आज भी हमारे गांवों की हकीकत है फटी भीत है छत चूती है, आले पर बिस्तुइय्या




नाचे। बरसा कर बेबस बच्चों पर मिनट- मिनट में पांच तमाचे, इस तरह दुखहरन मास्टर गढ़ता है, आदमी के सांचे।। जब आदमी के गढ़ने के सांचे 'अलगोरिदम' और 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के हवाले होगा तो फिर 'दुखहरन मास्टर साहब' जैसों की सेवा तो समाप्त ही समझें। क्योंकि इस तकनीक को समझने के पहले उन जैसे मास्टर साहबों का दम निकल जाएगा। इस कृत्रिम बौद्धिक मशीन के जन्मदाता एलन टयूरिंग है। सन् 1950 में एलेन टयूरिंग ने एक ऐसा कम्प्यूटर प्रोग्राम तैयार किया जो आदमी की तरह सोच सकता था। सन् 1956 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिभाषा करते जॉन मैकार्थी कहते है कि- कृत्रिम बौद्धिकता बौद्धिक मशीन बनाने का एक विज्ञान है। इसके जरिए हर तरह की सीखने की कला और बौद्धिक स्वरूप को मशीन के द्वारा क्रियान्वित किया जा सकता है।' इस तकनीक का शिक्षा के क्षेत्र में आने का तात्कालिक असर यह होगा की क्लास रूम में अब बौद्धिक आदान-प्रदान का माध्यम अध्यापक के अलावा 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' भी होगा,जो दूरस्थ शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव के साथ -साथ क्लासरूम के स्वरूप को भी पूरी तरह बदल देगा। यह कृत्रिम बौद्धिक मशीन देर-सवेर भारत में भी शिक्षा का माध्यम तो बनेगी ही। पर सवाल है कि क्या गांवों में अभी उस तरह का 'इंफ्रास्ट्रक्चर' या ऐसी तकनीक से लैश प्राथमिक स्तर पर मास्टर साहब उपलब्ध हैं? हम तकनीकी विकास के हर क्षेत्र में नित नई उड़ान भर रहे हैं। उम्मीद करना चाहिए कि शिक्षा का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रह पाएगा। दावा किया जा रहा है कि 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' भी अध्ययन के दौरान छात्रों के हर तरह की मुश्किलों को आसान करने का एक प्रेटफॉर्म होगा। यह हर छात्र के खूबियों और खामियों को डाटा की सटीक व्याख्या के जरिए समाधान करने का सक्षम है। यह किसी छात्र की पसंदीदा और नापसंदगी वाले 'टॉपिक' को समझाने और तदनुरूप उनकी वरीयताएं तय करने की योग्यता भी इसे प्राप्त है। इससे छात्रों को अपने विषय को समझने और अपनी अवधारणा स्पष्ट करने में भी आसानी होगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मौजूदगी से भविष्य में ऐसे और कई चमत्कारिक परिवर्तन आने की सम्भावना हैं, जिनकी अभी तक कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। यह एक तरह से दुधारी तलवार वाली तकनीक है। इसलिए उन खतरों से वाकिफ होना भी उतना ही जरूरी है। विश्व विख्यात इतिहासकार युवाल नोआ हरारी अपनी हाल में प्रकाशित पुस्तक 'नैंले'( नेक्सस ) चेतावनी दे रहे है कि- 'मनुष्यों के हाथ 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के रूप में सामूहिक संहार का एक हथियार हाथ लग गया है।' इस पुस्तक में युवाल नोआ हरारी ने पाषाण काल से लेकर 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के युग तक मनुष्यों द्वारा सूचना के तैयार किए गये 'नेटवर्क ' उन्होंने अपने अब तक के अध्ययन और अनुभवों के जरिये अभिव्यक्त किया है।मानवीय सभ्यता के विकास में भाषा का प्रचलन शुरू होने के बाद सूचनाओं के आदान-प्रदान, बात-विचार और व्यवहार में आसानी तो हुई ही। संचार के दूसरे माध्यमों मसलन प्रिंट- रेडियो, वायरलेस-टेलीविजन -टेलीग्राफ, इंटरनेट और सोशल मीडिया के जरिये पलक झपकते सूचनाओं का एक स्थान से दुनिया के किसी हिस्से में सूचनाओं का पहुंचाना बेहद आसान हो गया है। ऐसी भविष्यवाणी 19वीं सदी के उत्तरार्ध में निकोला टेस्ला ने भी किया था कि -आने वाले समय में ' सिंगल विंडो सिस्टम' के जरिए किसी फाइल को दुनिया के छोर से दूसरे छोर पर भेजना संभव हो जाएगा। उनकी अधिकतर भविष्यवाणियों की तरह यह भविष्यवाणी भी आज की हकीकत है। मानवी सभ्यता ने भाषा के विकास के बाद बातचीत के जरिए भी कई संस्थाओं का विकास किया है। शिक्षा भी उन संस्थानों में एक है, जहां बातचीत के जरिए ही हम अपने विचार का आदान-प्रदान करते हैं। लोकतंत्र की संस्था भी बातचीत के जरिए ही मजबूत हुई है, और आगे बढ़ी है। आज सोशल मीडिया टेलीविजन और इंटरनेट हमारे विचारों को एक स्थान से दूसरे पर स्थान तक पहुंचाने के माध्यम है। इन माध्यमों से हम अपने विचारों से देश और दुनिया को अवगत कराते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के विकास में इन माध्यमों का उल्लेखनीय योगदान है। सवाल है कि अगर 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' और 'अलगोरिदम' ही भविष्य में हमारा भाग्य विधाता होने वाले हैं , तो हमारी बातचीत की प्रचलित परपाटी का क्या होगा क्या हम अपने विचारों से एक दूसरे को अवगत कराने और उनसे असहमत होने के अपने मौलिक अधिकार से-जो किसी लोकतंत्र की खूबसूरती है, वंचित नहीं हो जाएंगे? ऐसी आशंका है कि भविष्य में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' बौद्धिक आदान- प्रदान में सबसे बड़ी बाधा उत्पनन्न करेगा। हमारा दिमाग और हमारे सोच का तरीका एक 'कार्बनिक इन्टीटी' है और 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' उस तरह की 'ऑर्गेनिक इन्टीटी' नहीं है। यह एक ऐसी 'इन्टीटी' है ,जो अनथक और अनवरत काम करता है। यह न सिर्फ हमारा ध्यान आकर्षित करता है, बल्कि अब तो यह हमारे जिन्दगी के एक -एक पल की निगरानी भी कर रहा है। इसलिए हमारी बातचीत के दायरे सिर्फ अपने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि उनके व्यक्तिगत होने का भी अब दावा नहीं किया जा सकता है। एक तरह से 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' हमारे विश्वास और बातचीत करने की योग्यता को भी खत्म कर रहा है। रही बात सूचनाओं की तो सूचनाएं हमेशा सत्य नहीं होती।युवाल नोआ हरारी कहते हैं कि सूचनाओं की तरह सत्य भी एक बेहद पेचीदा मसला है। इस अर्थ में अगर देखा जाए तो सत्य की तह तक पहुंचाना और सत्य का ज्ञान प्राप्त करना आज के युग में कितना कठिन होता जा रहा है।अब तक हम बात - विचार को, सुनने -गुनने को, विचारों के आदान-प्रदान के जरिये एक दूसरे से सीखते -सीखाते रहे हैं। अब अगर बातचीत की भी कोई गुंजाइश ही नहीं बचेगी, जैसा कि युवाल नोआ हरारी दावा कर रहे हैं।

# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th
(ADMISSION OPEN)

FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks


Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)

- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .



Ms. Riya Arora (Counsellor)

- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .



Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .
Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


## सरकार पर बरसीं मायावती, बोलीं- हजारों स्कूलों को बंद करने का फैसला उचित नहीं, बेहतर सुधार का जरूरत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**


**लखनऊ।** बसपा सुप्रिमो मायावती ने एक बार फिर सरकार को घेरा। कहा कि हजारों स्कूलों को बंद करने का फैसला उचित नहीं है। इनमें बेहतर सुधार की जरूरत है। उन्होंने यूपी के साथ ओडिसा सरकार के फैसले को अनुचित बताया। राजधानी लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्रों वाले बदहाल 27,764 परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का फैसला उचित नहीं है। ऐसे में गरीब बच्चे आखिर कहां और कैसे पढ़ेंगे। राज्य सरकार को दूसरे स्कूलों में उनका विलय करने की बजाय उनमें जरूरी सुधार करके बेहतर बनाने के उपाय करने चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने रविवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि यूपी व देश के अधिकतर राज्यों में खासकर प्राइमरी व सेकंडरी शिक्षा का बुरा हाल है। इसकी वजह से गरीब परिवारों के करोड़ों बच्चे अच्छी शिक्षा से दूर होने के साथ सही शिक्षा से भी वंचित हैं। ओडिसा सरकार द्वारा कम छात्रों वाले स्कूलों को बंद करने का फैसला भी अनुचित है। सरकारों की इसी गरीब व जनविरोधी नीतियों का परिणाम है कि लोग प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हो रहे हैं। जैसा कि सर्वे से स्पष्ट है, लेकिन सरकार द्वारा शिक्षा पर समुचित धन व ध्यान देकर इनमें जरूरी सुधार करने की बजाय इनका बंद करना ठीक नहीं है।



## सीएम योगी को जान से मारने की धमकी: मामले की जांच के लिए मुंबई जाएगी एटीएस की टीम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस्तीफा न देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए यूपी एटीएस की टीम मुंबई जाएगी। मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए यूपी एटीएस की टीम मुंबई जाएगी। सीएम योगी को इस्तीफा न देने पर बाबा सिद्दीकी जैसा हाल क मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए जाने वाले हैं। ऐसे में महाराष्ट्र की पुलिस अलर्ट पर है। मामले में मुंबई पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी करने वाली महिला की पहचान फातिमा खान के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती थी। उसके पिता लकड़ी का कारोबार करते हैं। पुलिस ने बताया कि महिला अच्छी तरह से शिक्षित है, लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है।मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश मिला है। शहर पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि अगर योगी आदित्यनाथ 10 दिन के अंदर सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस अलर्ट पर है, क्योंकि योगी आदित्यनाथ राज्य विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र आ सकते हैं। उन्होंने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है।



## एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे के मंत्र पर काम कर रही भाजपा, डिप्टी सीएम बोले- उपचुनाव में जीत 2027 का आधार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**लखनऊ।** यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे... के मंत्र पर काम कर रही है। यूपी की जनता उपचुनाव में भाजपा को जिताने के लिए पूरी तरह मन बना चुकी है। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव गहरे तनाव में हैं। कांग्रेस ने यूपी के उपचुनाव के साथ ही महाराष्ट्र और झारखंड में सपा का साथ छोड़ दिया गया है जिससे अखिलेश गहरे तनाव में हैं। नौ सीटों में होने वाले उपचुनाव में भाजपा एकतरफा जीत दर्ज करेगी और भाजपा की उपचुनाव में जीत 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे... के मंत्र पर काम कर रही है। भाजपा का मंत्र सबका साथ सबका विकास है। यही कारण है कि आज भारत को विश्वस्तर पर वो स्थान प्राप्त हो रहा है जो 2014 के पहले नहीं था। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जनता पूरी तरह से भाजपा के साथ है और उपचुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए पूरी तरह मन बना चुकी है।



